**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 06 जुलाई 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रख्यात चिंतक और शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी ने देश के सम्मान, मर्यादा और गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। श्री मोदी ने यह भी कहा कि डॉक्टर मुखर्जी के आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दृष्टि से मूल्यवान हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी आज नई दिल्ली में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

****************************************************************

पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कल वन महोत्सव के अवसर पर पूरे शहर में एक विशाल वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा सिविल सचिवालय में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के परिसर में पौधा लगाकर वन महोत्सव 2025 अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि धरती पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ होंगे तो पर्यावरण स्वच्छ रहेगा इसलिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। राज्यपाल ने प्रत्येक नागरिक से इस वार्षिक उत्सव को पर्यावरण संतुलन और मानवता की रक्षा के लिए एक गंभीर प्रतिज्ञा के रूप में मनाने का आह्वान किया। कल चंडीगढ़ में एक ही दिन में 253 पूर्व निर्धारित स्थानों पर कुल एक लाख, 5 हजार, 874 पौधे लगाए गए। श्री कटारिया ने भी व्यक्तिगत रूप से शहर में 23 अलग अलग स्थानों पर पौधे लगाए।

****************************************************************

कुरुक्षेत्र के उमरी गांव के पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बंदरों के आतंक से स्कूल के अध्यापक और छात्र परेशान हैं। इसके चलते जहां गांव के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्कूल के बच्चे भी खौफ के माहौल में पढ़ने को मजबूर है। स्कूल की प्राध्यापक सुषमा शर्मा ने बताया -

गाँव के सरपंच बसंत लाल ने आकाशवाणी समाचार को बताया -

***************************************************************

कश्मीर घाटी में अमरनाथ यात्रा के लिए आज सुबह सात हजार, 208 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था जम्मू में भगवती नगर यात्री-निवास आधार-शिविर से रवाना हुआ। ये सभी तीर्थयात्री आज पहलगाम आधार शिविर पहुंचेंगे और वहां से पवित्र गुफा के लिए यात्रा शुरू करेंगे।

***************************************************************

भाला फेंक स्पर्धा में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने **प्रथम नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता** का खिताब जीत लिया है। कल बेंगलुरु में नीरज ने 86.18 मीटर तक भाला फेंका। केन्या के जूलियस येगो दूसरे और श्रीलंका के रुमेश पथिरगे तीसरे स्थान पर रहे।

***************************************************************

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने अगले वर्ष ऑस्ट्रेलिया में होने वाले **एएफसी (AFC) एशियन कप** के लिए क्वालिफाई कर लिया है। प्रतियोगिता के क्वालिफॉयर में, ग्रुप-बी के चौथे और अंतिम मुकाबले में, भारत ने मेजबान थाईलैंड को दो-एक से पराजित किया। भारत के लिए संगीता बासफोर ने दो गोल करके टीम को शानदार जीत दिलाई। इससे पहले, भारतीय टीम ने 22 वर्ष पहले एएफसी महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई किया था।

***************************************************************

हरियाणा सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा 12 अगस्त को पंचकूला के यवनिका गार्डन में राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य स्कूली बच्चों की

रचनात्मक प्रतिभा को मंच देना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को दो आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। पहली श्रेणी में 6 से 10 वर्ष तक के बच्चों को "स्टोरी टेलिंग" विषय पर पेंटिंग बनानी होगी, जबकि दूसरी श्रेणी में 11 से 16 वर्ष के प्रतिभागियों को "माई विजन" विषय पर चित्र बनाना होगा। दोनों श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार के रूप में ₹7100 रूपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में ₹5100 तथा तृतीय पुरस्कार में ₹2100 रूपए दिए जाएंगे। इसके अलावा पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। साथ ही, प्रतियोगिता में सर्वाधिक भागीदारी वाले विद्यालय को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी 21 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

************************************************************